# शिया पी.जी. कालेज

[लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त मुस्लिम (शिया) अल्पसंख्यक संस्था]
कला, विज्ञान, वाणिज्य और विधि संकायों में छात्र एवं छात्राओं के शिक्षण हेतु।
सीतापुर रोड, लखनऊ- 226020(उ० प्र०) भारत।|

वेबसाइट : www.shiapgcollege.ac.in ई-मेल :info@shiapgcollege.in फोन : 0522-6450005

डॉ० मोहम्मद मियाँ
प्राचार्य (कार्यवाहक)

पत्रांक SDC/3829/2020
दिनांक : 14.07.2020

## कार्यालय आदेश

शैक्षणिक सत्र 2020–21 के लिए शैक्षणिक कैलेण्डर और अध्ययन–अध्यापन की गतिविधियों का निर्धारण विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी पत्र सं0 1028/सत्तर–1–2020 किया गया है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश में यू0जी0सी0 द्वारा जारी गाइडलाइन को आधार मानते हुए प्रदेश के स्तर पर विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये हैं। इन दिशा–निर्देशों के सन्दर्भ में महाविद्यालय स्तर पर निम्नलिखित प्रक्रियानुसार सत्र 2020–21 का संचालन किया जाएगा –

1. 31 जुलाई 2020 तक अनलॉक–2 की प्रक्रिया लागू रहेगी इसलिए महाविद्यालय में शिक्षक/शिक्षणोत्तर कर्मचारी को ऑनलाइन माध्यम से वर्क फाम होम हेतु प्रोत्साहित किया जाए। महाविद्यालय में लोगों को तभी बुलाया जाए जब आवश्यक हो।

2. वर्क फाम होम के दौरान सभी शिक्षक और शिक्षणोत्तर कर्मचारी अपने विभागाध्यक्ष/इंचार्ज से जुड़े रहेंगे और वो संचार के माध्यमों के पूर्णतः सम्पर्क में रहेंगे जिससे प्रत्येक परिस्थिति में जरूरत पड़ने पर उन्हे महाविद्यालय बुलाया जा सके।

3. सत्र 2020–21 के लिए शैक्षिक कैलेन्डर और अध्यन–अध्यापन की गतिविधियों को महाविद्यालय में निम्नानुसार संचालित किया जाएगा–

   a. <u>ई–कंटेन्ट की तैयारी</u> :–

   - दिनांक 13.07.2020 से सभी विभागाध्यक्ष/इंचार्ज/कोआर्डिनेटर को अपने विभाग के अध्यापकों के साथ चर्चा करके पाठ्यक्रम का वितरण करना होगा, जिससे सन्दर्भित अध्यापक ई–कंटेन्ट तैयार कर ले। विभागाध्यक्ष/इंचार्ज/कोआर्डिनेटर को यह छूट होगी कि वे आवश्यकतानुसार ई–कंटेन्ट के निर्माण के लिए अगर जरूरी समझे तो शिक्षक को महाविद्यालय बुला लें या ऑनलाइन बैठक करके वर्क फाम होम से ई–कंटेन्ट तैयार करायें।

   - प्रत्येक विभाग को अपना यू–ट्यूब चैनल बनाना होगा जिसमें ई–कंटेन्ट के तहत वीडियो अपलोड करने के साथ–साथ ऑनलाइन कक्षाएं भी संचालित होंगी जिसको छात्र बाद में भी देख सकें।

   - तैयार किये गये ई–कंटेन्ट/वीडियो महाविद्यालय की वेबसाइट पर ओपेन एक्सेस लिंक के साथ अपलोड किये जाने हैं। सभी विभागाध्यक्ष/इंचार्ज/कोआर्डिनेटर

Scanned by CamScanner

- इस पूरी प्रक्रिया पर योजना बनाने के लिए विधिवत बैठक का आयोजन जुलाई के तीसरे सप्ताह में किया जाना है। पहले दिन सभी विभागाध्यक्ष/इंचार्ज/कोआर्डिनेटर/कन्वेनर आईक्यूएसी बैठक में सम्मिलित होंगे। इसमें रूपरेखा तैयार करने के बाद दूसरे दिन विस्तृत बैठक होगी जिसमें महाविद्यालय के सभी नियमित, संविदा व अंशकालिक शिक्षक सम्मिलित होंगे। इन बैठकों में कालेज प्रबन्ध समिति के प्रबन्धक व अन्य प्रबन्धन अधिकारी भी सम्मिलित रहेंगे। इन बैठक को कोरोना के दृष्टिगत ऑनलाइन विधि से संचालित किया जाएगा। प्रत्येक शिक्षक को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करानी होगी।

d. **शैक्षणिक कैलेण्डर** :– शासन द्वारा 2020–21 के लिए ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन अवकाशों में कटौती करते हुए शैक्षणिक कैलेण्डर की सारिणी बनाने का प्रारूप तय किया है। जिसे आधार पर 20 जुलाई 2020 तक शैक्षणिक कैलेण्डर पूर्ण करके वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है। सारिणी इस प्रकार है–

| क्रम सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ई–कंटेन्ट बनाने की शुरूआत | 13 जुलाई 2020 |
| 2. | तृतीय और पंचम सेमेस्टर के छात्रों की फीस जमा करने की अन्तिम तिथि | 31 जुलाई 2020 |
| 3. | तृतीय और पंचम सेमेस्टर में ऑनलाइन शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने की तिथि | 4 अगस्त 2020 |
| 4. | स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की अन्तिम तिथि | 15 सितम्बर 2020 |
| 5. | स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की अन्तिम तिथि | 31 अक्टूबर 2020 |
| 6. | स्नातक प्रथम सेमेस्टर में शिक्षण कार्य शुरू करने की अवधि | 1 अक्टूबर 2020 |
| 7. | स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में शिक्षण कार्य शुरू करने की अवधि | 1 नवम्बर 2020 |
| 8. | मिड टर्म परीक्षा की अन्तिम तिथि | 5 दिसम्बर 2020 |
| 9. | स्नातक प्रथम वर्ष विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं की अन्तिम तिथि | 15 फरवरी 2021 |
| 10. | स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं की अन्तिम तिथि | 15 मार्च 2021 |
| 11. | सम सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षा की अन्तिम तिथि | 30 अप्रैल 2021 |
| 12. | सम सेमेस्टर की परीक्षाओं को सम्पादित करने की अन्तिम तिथि | 30 जून 2021 |

कोविड–19 कोरोना वैश्विक महामारी को दृष्टिगत रखते हुए एवं छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा जारी इस मार्गदर्शी गाइडलाइन को सभी विभागों द्वारा लागू किया जाना है जिससे महाविद्यालय में अध्ययन–अध्यापन का विधिवत कार्य संचालित हो सके।

प्राचार्य
Principal
Shia Post Graduate College
Lucknow (U.P.) India-20

**प्रतिलिपि** :–

1. प्रबन्धक, प्रबन्ध समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

Scanned by CamScanner

शिक्षकों से ई–कंटेन्ट तैयार करवाने के बाद निदेशक, एससीडीआरसी को मेल आई–डी scdrc.shiacollege@gmail.com पर भेज दें।

- ई–कंटेन्ट का सम्पूर्ण कार्य 31 जुलाई 2020 तक पूर्ण कर लेना है।
- ई–कंटेन्ट निर्माण के साथ–साथ 13 जुलाई से 3 अगस्त तक शिक्षकों द्वार अभिभावकों के साथ ऑनलाइन या दूरसंचार माध्यमों से संवाद स्थापित करना है। 3 अगस्त को इसकी प्रगति रिपोर्ट सभी विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित की जाएगी जिसको क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन को भेजा जाना है।

b. <u>प्रवेश–प्रक्रिया</u> :– सत्र 2020–21 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश–प्रक्रिया 15 सितम्बर 2020 तक तथा स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की प्रवेश–प्रक्रिया 31 अक्टूबर 2020 तक पूर्ण करनी है। प्रवेश की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन विधि द्वारा सम्पादित की जाएगी।

c. <u>शैक्षणिक सत्र का प्रारम्भ</u> :–

- स्नातक/स्नातकोत्तर के तृतीय और पंचम सेमेस्टर के छात्रों को ऑनलाइन विधि द्वारा अपनी फीस 31 जुलाई 2020 तक जमा करनी होगी। काउंसिलिंग भी ऑनलाइन विधि से संचालित होगी।
- स्नातक/स्नातकोत्तर के तृतीय और पंचम सेमेस्टर की कक्षाओं का संचालन ऑनलाइन विधि से 4 अगस्त 2020 से प्रारम्भ हो जाएगा। अगर स्थितियों सामान्य हो गयी तो इन कक्षाओं की नियमित कक्षाएं 1 अक्टूबर 2020 से संचालित होंगी।
- स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर का अध्यापन क्रमशः 1 अक्टूबर 2020 तथा 1 नवम्बर 2020 से प्रारम्भ होगा। पाठ्यक्रम के सापेक्ष प्रथम 45 दिन केवल ऑनलाइन माध्यम से कक्षाओं का संचालन होगा। 45 दिन बाद स्थितियां सामान्य होने पर भौतिक दूरी का पालन करते हुए छोटे–छोटे ग्रुप बनाकर कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान ऑनलाइन कक्षाएं भी समानान्तर चलेंगी। इस प्रक्रिया को इस प्रकार संचालित किया जाना है कि एक दिन प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं महाविद्यालय में संचालित हों, दूसरे दिन तृतीय और पंचम सेमेस्टर की। इस तरह प्रथम सेमेस्टर की एक दिन महाविद्यालय परिसर में क्लास संचालित होगी और दूसरे दिन ऑनलाइन विधि से। यही प्रक्रिया तृतीय और पंचम सेमेस्टर पर भी लागू रहेगी।
- महाविद्यालय के स्तर पर छात्रों के संख्यानुसार स्मार्ट क्लासेज और ऑनलाइन मीटिंग के लिए बढ़िया साफ्टवेयर, लेक्चर कैप्चरिंग सिस्टम, वीडियो रिकार्ड करने के लिए उपकरण आदि का 20 जुलाई तक अनिवार्य रूप से प्रबन्ध कर लेना है।
- विमर्श, विश्लेषण तथा समस्या समाधान हेतु अक्टूबर, नवम्बर में कान्टेक्ट क्लासेस की व्यवस्था की जानी है, जिसमें भौतिक दूरी और स्वास्थ्य सम्बन्धी मानकों का पालन करना है।
- प्रयोगात्मक कक्षाओं की व्यवस्था के लिए सिमुलेशन साफ्टवेयर्स तथा वचुअल लैब्स विकसित करनी है।

Scanned by CamScanner